## एक नजर में

### जिले में अब तक 359.38 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रतलाम।** जिले में इस वर्ष अब तक औसतन 359 .38 मि .मी . वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में रतलाम जिले में 0 .63 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में आलोट में 0 .00 मि .मी ., जावरा में 0 .00 मि .मी ., ताल में 0 .0 मि .मी ., पिपलोदा मे 0 .0 मि .मी ., बाजना में 1 .0 मि .मी ., रतलाम में 0 .0 मि .मी ., रावटी में 0 .0 मि .मी . एवं सैलाना में 4 .0 मि .मी ., वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अब तक वर्षामापक केन्द्र आलोट में 386 .0 मि .मी ., जावरा में 380 .0 मि .मी ., ताल में 274 .0 मि .मी ., पिपलोदा में 399 .0 मि .मी ., बाजना में 243 .0 मि .मी ., रतलाम में 520 .0 मि .मी ., रावटी में 314 .0 मि .मी . एवं सैलाना में 359 .0 मि .मी ., वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।

### किसानों के हित में दो बड़े निर्णय

**रतलाम।** किसान कल्याण और कृषि विकास विभाग ने प्रदेश के किसानों के हित में महत्वपूर्ण फैसले लेते हुए ग्रीष्मकालीन मूंग और उड़द के खरीद की अंतिम तारीख बढ़ाकर किसानों को बड़ी राहत दी गई है। उपार्जन प्राइस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत मूंग उत्पादक किसानों के हित में मूंग उपार्जन के लिए स्लाट बुक करने की अंतिम तिथि 10 अगस्त और मूंग एवं उड़द उत्पार्जन की अंतिम तिथि 20 अगस्त कर दी है। इसके तहत किसान को आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, रजिस्टर में पूरा ब्यौरा दर्ज करना होगा। उल्लेखनीय है कि खाद वितरण को पारदर्शी बनाने के लिए 'हाइब्रिड मोड' लागू किया गया है। किसानों के हित में उपार्जन नीति में आंशिक संशोधन करते हुए मूंग का उपार्जन कृषकों के उत्पादन का 60 प्रतिशत किये जाने का प्रावधान किया गया है। उडद एवं ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन की नई उपलब्धि? हासिल हुई है। सरकार ने एमएसपी के अलावा उड़द के उपार्जन पर 600 रूपये प्रति क्विंटल बोनस देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इससे प्रदेश को दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने में गति मिलेगी।

### जैन सोशल ग्रुप रतलाम ग्रेटर की 'प्रवचन श्रवण श्रृंखला' का हुआ शुभारंभ

**रतलाम।** धर्म के प्रति आस्था, संत–सान्निध्य के प्रति श्रद्धा और सामूहिक साधना की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जैन सोशल ग्रुप रतलाम ग्रेटर द्वारा प्रारंभ की गई 'प्रवचन श्रवण श्रृंखला – नई सोच, नई पहल' का शुभारंभ बुधवार को अत्यंत श्रद्धा एवं उत्साह के साथ नीम चौक स्थानक में हुआ। इस अवसर पर ग्रुप के दम्पत्ति सदस्य सपरिवार उपस्थित हुए तथा वहाँ विराजमान पूज्य सतियाजी प्रफुल्ला श्रीजी म .सा . आदि ठाणा–5 के पावन सानिध्य में दर्शन, वंदन एवं प्रवचन श्रवण का लाभ प्राप्त किया। पूज्य साध्वीश्री ने 'अनुत्तर धर्म श्रद्धा' विषय पर प्रेरक एवं चिंतनपरक प्रवचन देते हुए कहा कि श्रद्धा धर्म की प्रथम सीढ़ी है। सम्यक श्रद्धा के बिना ज्ञान फलदायी नहीं बनता और ज्ञान के बिना चारित्र की शुद्धि संभव नहीं होती। जब जीव निर्मल श्रद्धा के साथ धर्म को जीवन में उतारता है, तभी उसका प्रत्येक विचार, वचन और आचरण आत्मकल्याण का माध्यम बनता है। बाह्य आडंबर से अधिक आवश्यक है अंत :करण की पवित्रता, क्योंकि वही आत्मा को कर्मबंधन से मुक्त कर मोक्षमार्ग की ओर अग्रसर करती है। प्रवचन के पश्चात सभी सदस्यों ने धर्मभावना से ओत–प्रोत होकर सामूहिक वंदना की तथा संकल्प लिया कि पूरे चातुर्मास में रतलाम के विभिन्न उपाश्रयों एवं स्थानकों में विराजित संत–सतियों के दर्शन, वंदन एवं प्रवचन श्रवण का नियमित लाभ लेते हुए इस आध्यात्मिक अभियान को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष जैन सोशल ग्रुप रतलाम ग्रेटर ने रतलाम के सभी स्थानकों में जाकर प्रवचन श्रवण का अभिनव प्रयोग प्रारंभ किया था, जिसे सदस्यों का अभूतपूर्व सहयोग एवं उत्साह प्राप्त हुआ। उसी प्रेरणा से इस वर्ष भी यह श्रृंखला पुन : प्रारंभ की गई है, जिससे अधिकाधिक परिवार धर्म से जुड़कर आध्यात्मिक उन्नति का लाभ प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में अध्यक्ष संदीप चौरड़िया, सचिव यशवन्त पावेचा, सचिव प्रमोद धींग, कोषाध्यक्ष जितेश गेलड़ा सहित बड़ी संख्या में ग्रुप के सदस्य एवं परिवारजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रवचन श्रवण समिति के सदस्य संजय चपरोट, महेंद्र चोपड़ा, महेंद्र खमेसरा का विशेष योगदान रहा। सचिव यशवन्त पावेचा ने बताया कि श्रृंखला का उद्देश्य केवल प्रवचन सुनना नहीं, बल्कि संत–सान्निध्य से प्रेरणा लेकर धर्म, संस्कार और आत्मचिंतन को प्रत्येक परिवार के जीवन का अभिन्न अंग बनाना है।

### बड़े केदारेश्वर महादेव मंदिर में श्रावण मास पूजन व अभिषेक पूर्णाहुति संपन्न



**सैलाना/रतलाम।** पवित्र श्रावण मास के पावन अवसर पर सैलाना स्थित प्रसिद्ध बड़े केदारेश्वर महादेव मंदिर में विशेष पूजन, संकल्प, रुद्राभिषेक एवं पूर्णाहुति का भव्य आयोजन धार्मिक उल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूज्य श्री महामंडलेश्वर विशोकानंद भारती जी महाराज के पावन सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। कार्यक्रम में रतलाम हाईकोर्ट के एडवोकेट पण्डित डॉ. ईश्वर बोराना (छोटे ठाकुर जी) ने सहभागिता कर पूजन–अभिषेक का संकल्प लिया और पूर्णाहुति में सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम में विशेष रुद्राभिषेक एवं संकल्प : श्रावण मास के उपलक्ष्य में भगवान बड़े केदारेश्वर महादेव का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष जल एवं दुग्धाभिषेक किया गया। महामंडलेश्वर जी का आशीर्वाद : पूज्य स्वामी विशोकानंद भारती जी महाराज की उपस्थिति में पूर्णाहुति संपन्न हुई, जिसके बाद महाराज श्री ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। महाआरती व प्रसाद वितरण : अनुष्ठान के अंतिम चरण में भगवान शिव की भव्य महाआरती की गई एवं उपस्थित भक्तों के बीच महाप्रसाद का वितरण हुआ। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु, गणमान्य नागरिक एवं भक्तजन उपस्थित रहे।

# पीएम आवास की सीलिंग पर भिड़े निगम और पूर्व विधायक

- बकाया वसूली के लिए निगम का सख्त अभियान
- विरोध में उतरे सकलेचा, हंगामे के बीच कई हितग्राहियों ने मौके पर ही जमा की राशि





**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** प्रधानमंत्री आवास योजना के बकायादारों के खिलाफ नगर निगम की सीलिंग कार्रवाई बुधवार को प्रशासनिक कार्रवाई से ज्यादा राजनीतिक टकराव में बदल गई। वर्षों से लंबित बकाया वसूलने के लिए निगम ने जैसे ही फ्लैट खाली कराकर सील करने की प्रक्रिया शुरू की, पूर्व विधायक पारस सकलेचा मौके पर पहुंच गए और कार्रवाई का विरोध करते हुए इसे गरीबों के साथ अन्याय बताया। इसके बाद मौके पर माहौल गर्मा गया और पूरे घटनाक्रम ने राजनीतिक रंग ले लिया।

नगर निगम आयुक्त अनिल भाना के नेतृत्व में भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में कार्रवाई शुरू हुई। निगम का कहना है कि वर्ष 2019 में 208 हितग्राहियों को केवल 20 हजार रुपए की मार्जिन मनी लेकर फ्लैट दिए गए थे, जबकि शेष 1.80 लाख रुपए जमा करने के लिए कई बार नोटिस देने के बावजूद बड़ी संख्या में हितग्राहियों ने भुगतान नहीं किया। निगम का तर्क है कि सरकार ने प्रत्येक फ्लैट पर करीब सात लाख रुपए खर्च किए हैं, इसलिए नियमों का पालन कराना जरूरी है। दूसरी ओर, पारस सकलेचा ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई का विरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया कि गरीब परिवारों को राहत देने के बजाय उन्हें बेघर किया जा रहा है। विरोध के दौरान काफी देर तक बहस और हंगामे की स्थिति बनी रही। इसी दौरान सकलेचा की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल भेजना पड़ा। इससे घटनास्थल पर मौजूद लोगों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं में भी हलचल मच गई।



**भुगतान नहीं करने वालों के फ्लैट सील**

कार्रवाई के बीच निगम अधिकारियों ने एक अलग रणनीति भी अपनाई। जिन हितग्राहियों ने मौके पर ही बकाया राशि जमा कर दी, उनके फ्लैट सील नहीं किए गए। निर्मला बालिया सहित करीब एक दर्जन लोगों ने भुगतान कर राहत पा ली। वहीं जिन परिवारों ने भुगतान नहीं किया, उनके फ्लैटों से सामान सुरक्षित बाहर निकलवाकर सीलिंग की गई। इसके लिए निगम की टीम के साथ मैकेनिक भी मौजूद रहे ताकि घरेलू उपकरणों को नुकसान न पहुंचे।

कार्रवाई के बीच निगम अधिकारियों ने एक अलग रणनीति भी अपनाई। जिन हितग्राहियों ने मौके पर ही बकाया राशि जमा कर दी, उनके फ्लैट सील नहीं किए गए। निर्मला बालिया सहित करीब एक दर्जन लोगों ने भुगतान कर राहत पा ली। वहीं जिन परिवारों ने भुगतान नहीं किया, उनके फ्लैटों से सामान सुरक्षित बाहर निकलवाकर सीलिंग की गई। इसके लिए निगम की टीम के साथ मैकेनिक भी मौजूद रहे ताकि घरेलू उपकरणों को नुकसान न पहुंचे।

गौरतलब है कि 31 जुलाई को नोटिस चस्पा करने गई निगम टीम पर हुए हमले के बाद इस बार प्रशासन पूरी तैयारी के साथ पहुंचा था। एसडीएम तरुण जैन, तहसीलदार कुलभूषण शर्मा, सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया, डीएसपी गायत्री सोनी सहित भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई पूरी की गई।

## व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

- पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच

**रतलाम/नामली।** जिले के नामली थाना क्षेत्र के मलवासा बस स्टैंड पर एक 45 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को मेडिकल कॉलेज भिजवाकर मर्ग कायम किया है। फिलहाल मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं और पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान मलवासा निवासी ओमप्रकाश सेन (45) पिता गणपत सेन के रूप में हुई है। मंगलवार देर रात उन्हें अचेत अवस्था में मिलने के बाद मेडिकल कॉलेज रतलाम ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। नामली पुलिस ने बुधवार रात मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने से पुलिस सभी पहलुओं पर पड़ताल कर रही है।

मृतक के भाई नाथूलाल सेन के बयान दर्ज किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि मौत प्राकृतिक कारणों से हुई या इसके पीछे कोई अन्य वजह है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## असिस्टेंट लोको पायलट में महिलाओं की नियुक्ति

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** मोदी सरकार की महिलाओं की सशक्तिकरण नीति पर आज भारतीय रेलवे के रनिंग विभाग में रतलाम मंडल में असिस्टेंट लोको पायलट के पद पर महिला शिखा कटारे ,रुचि देवी, प्रिया पटेल एवं अमन झा, सोनू कुमार की प्रथम नियुक्ति हुई। मंडल रेल प्रबंधक के पीएस दिलीप कुमार, पूर्व स्टेशन अधीक्षक एवं पूर्व यूनियन के मंडल अध्यक्ष मनोहर पचौरी रेलवे पेंशनर संगठन के मंडल अध्यक्ष प्रकाश व्यास ने रतलाम मंडल पर नियुक्ति होने पर अभिनंदन कर स्वागत किया। पचौरी ने कहा कि रेलवे का लोको पायलट रेलवे का एक महत्वपूर्ण पद होता है जो हजारों यात्रियों को एक ट्रेन में सवार कर एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाने का काम दिन–रात करते हैं, अब महिलाओं की नियुक्ति निश्चित रूप से भारत के महिला सशक्तिकरण में एक कदम है। जेसी बैंक के पूर्व डायरेक्टर एवं यूनियन के पूर्व सहायक मंडल मंत्री प्रकाश व्यास ने बताया कि वर्तमान में भारतीय रेलवे में स्टेशन मास्टर, टिकट चेकिंग, ट्रेन मेंटेनर, गार्ड ,जैसे अनेक अन्य टेक्निकल नाम टेक्निकल महत्वपूर्ण पदों पर महिलाओ की नियुक्ति होकर कार्य कर रही है जो गर्व का विषय है। आप सभी जेसी बैंक के सदस्य बने और उसकी लाभकारी योजनाओं का लाभ उठाएं तथा साथ ही वेस्टर्न रेलवे एम्पलाई यूनियन की सदस्यता भी आप लोग प्राप्त करें जो हमेशा आपके साथ किसी भी समस्या के समाधान में तत्पर रहेगी।



## सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**रतलाम।** सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एक युवक ने करीब 12 दिन तक जिंदगी और मौत से संघर्ष करने के बाद दम तोड़ दिया। उपचार के दौरान हुई मौत के बाद दीनदयाल नगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 23 जुलाई की रात करीब 9 बजे आमरोड ग्राम राजपुरा स्थित हनुमान मंदिर के पास वाहन दुर्घटना में रमेश मईडा (32) निवासी शिव नगर, रतलाम गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे के बाद उन्हें तत्काल राघव ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा था। इलाज के दौरान हालत लगातार गंभीर बनी रही और अंतत: उनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मंगलवार को मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की।

## महिला की सर्पदंश से मौत, घर के अंदर हुआ हादसा

**रतलाम।** जिले के पिपलौदा थाना क्षेत्र के कोटड़ा गांव में एक बुजुर्ग महिला की सर्पदंश से मौत हो गई। घर के भीतर हुए इस हादसे से परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार घटना 3 अगस्त की शाम करीब 7.30 बजे की है। कोटड़ा निवासी कंकुड़ीबाई (65) पति धीरजी डोडियार को घर के अंदर सांप ने डंस लिया। परिजनों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। घटना की सूचना मिलने पर पिपलौदा पुलिस ने 4 अगस्त को मर्ग कायम किया। मृतका के पुत्र दशरथ डोडियार (33) ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। प्रारंभिक जांच में महिला की मौत का कारण सर्पदंश सामने आया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मामले में मर्ग जांच की जा रही है।



## नवोदय स्थापना दिवस उत्साह पूर्वक मनाया

**आलोट।** स्थानीय पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय आलोट जिला रतलाम 2 मध्य प्रदेश में 40 वा नवोदय स्थापना दिवस उल्लास एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम विद्यालय की उप प्राचार्या सुचिता खुराना एवं शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय की छात्रा कु भावना कुमावत द्वारा नवोदय विद्यालय की स्थापना एवं उद्देश्य के साथ नवोदय विद्यालय के क्रिया कलापों को बताया गया।

भाषण पश्चात कीर्ति राठौड़ द्वारा कविता पाठ प्रस्तुत किया जबकि संगीत शिक्षक गजानन रणदीवे एवं नृत्य शिक्षिका कुमकुम के मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र,छात्राओं द्वारा आकर्षक नृत्य संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। संचालन विद्यालय के छात्र मा केशवराज एवं छात्रा कु खुशी पंवार द्वारा पुस्तकालय प्रभारी मनोज कुमार जोशी एवं अनिल ठाकरे के निर्देशन में किया गया।

## नवंबर तक पूरे होंगे तीन और सांदीपनी विद्यालय

- निर्माण कार्यों ने पकड़ी रफ्तार
- लोक निर्माण विभाग का दावा- 23 निर्माण कार्य पूरे

**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले में सरकारी अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में लोक निर्माण विभाग (भवन) ने वर्ष 2025–26 के दौरान उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। विभाग के अनुसार 30 जून 2026 तक 73 करोड़ 76 लाख रुपये की लागत के 23 निर्माण कार्य पूरे किए जा चुके हैं, जबकि 154 करोड़ 66 लाख रुपये की लागत के 16 बड़े प्रोजेक्ट तेजी से निर्माणाधीन हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र की परियोजनाओं को प्राथमिकता देते हुए अधिकांश कार्य इसी वर्ष पूरे करने का लक्ष्य रखा गया है।

विभाग के अनुसार सबसे अधिक फोकस सांदीपनी (सीएम राइज) विद्यालयों के निर्माण पर है। जिले में कुल 249 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से सात विद्यालय बनाए जा रहे हैं। इनमें सैलाना, जावरा, आलोट और बिरमावल के विद्यालयों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि शेष तीन विद्यालय नवंबर 2026 तक तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

लोक शिक्षण विभाग के तहत 108 करोड़ 52 लाख रुपये की लागत के चार निर्माण कार्य पूरे किए जा चुके हैं तथा पांच कार्य प्रगति पर हैं। जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत 48 करोड़ 98 लाख रुपये की लागत से सात निर्माण कार्य पूरे हुए हैं। उच्च शिक्षा विभाग के दो भवन तैयार हो चुके हैं, जबकि एक परियोजना निविदा प्रक्रिया में है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर भी विभाग का विशेष ध्यान है। स्वास्थ्य विभाग के तहत 15 करोड़ 92 लाख रुपये की लागत के पांच निर्माण कार्य पूरे किए जा चुके हैं और दो कार्य निर्माणाधीन हैं। इनमें पिपलौदा के 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल में उन्नत करने का 11 करोड़ 35 लाख रुपये का कार्य अंतिम चरण में है, जिसके अगस्त 2026 तक पूरा होने की संभावना है।

इसके अलावा राजस्व विभाग के एक निर्माण कार्य के पूरा होने के साथ चार परियोजनाएं जारी हैं। कौशल विकास विभाग के तहत जावरा और पिपलौदा के छह–छह ट्रेड वाले आईटीआई भवन तैयार हो चुके हैं, जबकि अन्य परियोजनाओं पर काम जारी है। तकनीकी शिक्षा और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के स्वीकृत निर्माण कार्य भी पूरे कर लिए गए हैं। श्रम विभाग का भवन अंतिम फिनिशिंग चरण में है। लोक निर्माण विभाग का कहना है कि शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास से जुड़ी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि जिले में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार तेज गति से हो सके।

## भाड़ा न देने और धमकाने का आरोप, ट्रक चालकों ने सौंपा ज्ञापन

- रतलाम की एक फर्म पर 65,000 बकाया भाड़ा और मानसिक प्रताड़ना का आरोप



**नव भारत न्यूज**

**जावरा।** रतलाम की एक प्रतिष्ठित फर्म द्वारा ट्रक चालक का बकाया भाड़ा न देने और उसे मानसिक रूप से प्रताडि़त करने का मामला सामने आया है। पीड़ित चालक ने आज अनुविभागीय अधिकारी रचना शर्मा को पुलिस अधीक्षक रतलाम के नाम ज्ञापन सौंपकर आरोपी फर्म संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

प्रार्थी शाहिद पिता इस्माइल खान निवासी हम्मालपुरा, जावरा ने ट्रक ओनर एसोसिएशन को बताया कि वह 16 टायर ट्रक का चालक एवं संचालक है। 2/7/2026 को उन्होंने शबाना रोड लाइंस के माध्यम से रतलाम के महू नीमच रोड, धान मंडी के सामने स्थित पन्नालाल शैतानमल फर्म, संचालक श्री रोहित जैन से 35 टन गेहूं भरकर मुंबई वाशी के लिए रवाना हुए थे। तय भाड़ा 65,000 तय हुआ था।

शाहिद के अनुसार 04/07/2026 को मुंबई वाशी में माल खाली करते समय नमी के कारण लगभग 7 क्विंटल गेहूं गीला हो गया था।

यह एक आकस्मिक घटना थी। जब वे भाड़ा लेने रतलाम फर्म संचालक के पास पहुंचे तो उन्होंने भाड़ा देने से इंकार कर दिया और उल्टा ड्राइवर पर 45,000 निकालने का दबाव बनाया। पीड़ित ने कहा कि गीले माल की कीमत लगभग 19,600 बनती है।

उन्होंने कहा कि आप माल के पैसे काटकर शेष भाड़ा दे दें, लेकिन फर्म संचालक ने धमकाकर भगा दिया।

प्रार्थी ने एसडीएम से मांग की है कि फर्म के संचालक के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई कर उनका बकाया 65,000 भाड़ा दिलवाया जाए। जावरा ट्रक ओनर एसोसिएशनें ड्राइवरों एवं ट्रांसपोर्टर ओनर के साथ है।


**एक नजर में** — यूके के प्रतिष्ठित संस्थान से पास कर बढ़ाया मालवा का मान

## राहुल ने यूनिवर्सिटी ऑफ वारविक से हासिल की बीएससी की डिग्री

**नव भारत न्यूज**

**जावरा।** जावरा मूल के प्रतिभावान युवा राहुल सेठिया ने यूनाइटेड किंगडम की प्रतिष्ठित रसेल ग्रुप की यूनिवर्सिटी ऑफ वारविक से बीएससी (ईकोनामिक्स) होनोर्स की डिग्री प्रथम श्रेणी (फर्स्ट क्लास आनर) के साथ प्राप्त कर जावरा, रतलाम जिले सहित पूरे मालवा क्षेत्र का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

विश्व के शीर्ष शिक्षण संस्थानों में शुमार वारविक यूनिवर्सिटी के हाल ही में आयोजित भव्य दीक्षांत समारोह (गेजुएशन सेरेमनी) में राहुल को औपचारिक रूप से स्नातक उपाधि प्रदान की गई। उपाधि प्राप्त करने के पश्चात उन्होंने पारंपरिक ग्रेजुएशन कैप टास के साथ अपनी शैक्षणिक यात्रा के एक महत्वपूर्ण और सफल पड़ाव को पूरा किया।



**भाषा और संस्कृति से गहरा जुड़ाव:** शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ–साथ राहुल भारतीय भाषा और संस्कृति से भी गहराई से जुड़े हुए हैं। वर्ष 2024 में हिंदी दिवस के अवसर पर लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग (हाई कमीशन आफ इंडिया) में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने अपनी स्व–रचित हिंदी कविता का वाचन किया था, जहाँ उनकी प्रभावशाली प्रस्तुति के लिए उन्हें विशेष रूप से सम्मानित भी किया गया था।

**तीन पीढ़ियों ने एक साथ साक्षी बनकर मनाया जश्न:** राहुल की इस ऐतिहासिक उपलब्धि के क्षण में उनके माता–पिता—श्री दिनेश सेठिया एवं श्रीमती प्रिया सेठिया तथा उनके दादा–दादी भी दीक्षांत समारोह में विशेष रूप से मौजूद रहे। तीन पीढ़ियों की उपस्थिति ने इस अवसर को अत्यंत भावुक और यादगार बना दिया। परिवारजनों ने राहुल की सफलता का श्रेय उनकी अथक मेहनत, अनुशासित जीवनशैली, गुरुजनों के मार्गदर्शन, पारिवारिक संस्कारों और ईश्वर की कृपा को दिया है।

**स्कूली शिक्षा से लेकर वैश्विक संस्था तक का सफर**

राहुल की स्कूली शिक्षा लंदन के प्रतिष्ठित अवंती हाउस स्कूल से संपन्न हुई, जहाँ वे शुरू से ही मेधावी छात्र रहे। अपनी निरंतर मेहनत, अनुशासन और लगन के दम पर उन्होंने वारविक जैसी वैश्विक यूनिवर्सिटी में प्रवेश पाया और सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त किए। वर्तमान में राहुल विश्व की प्रमुख वित्तीय संस्थाओं में से एक मकवारिए ग्रुप में समर एनालिस्त इंर्टन के रूप में कार्यरत हैं।